तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 15.0° | 36.0° |
| इंदौर | 16.0° | 36.0° |
| जबलपुर | 18.0° | 36.0° |
| ग्वालियर | 19.0° | 38.0° |
| सागर | 20.0° | 38.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 79
(भोपाल : वर्ष 41 अंक 103, पृष्ठ 12)
चैत्र, कृष्ण नवमी संवत् 2082
गुरुवार, 12 मार्च 2026
राजधानी संस्करण
कीमत: 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




राजधानी... एलपीजी उपभोक्ताओं को परेशानी ...

खेल... न्यूज़ीलैंड महिला टीम का दबदबा, जिम्बाब्वे को...

व्यापार... मध्य-पूर्व तनाव से सोना-चांदी में उतार-...

देश-विदेश... तीसरे विश्व युद्ध में हो सकता...


## खास-खबरें

### फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग की कोशिश, हमलावर को दबोचा

**नईदुनिया ब्यूरो, जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार देर शाम जम्मू में फायरिंग की कोशिश की गई। घटना ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान हुई, जहां अब्दुल्ला के साथ डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी मौजूद थे। समारोह से लौटते समय कमल सिंह जम्वाल नामक व्यक्ति पीछे से आया और फारूक अब्दुल्ला के सिर पर बंदूक तानकर गोली चलाने की कोशिश की। हालांकि मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हमलावर को पकड़ लिया और संभावित हमले को टाल दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच प्रारंभ कर दी है। इस घटना पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जेड+ सुरक्षा प्राप्त नेता के इतने करीब हथियारबंद व्यक्ति का पहुंच जाना गंभीर चूक है। फिलहाल फारूक अब्दुल्ला पूरी तरह सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

### वायरल गर्ल मोनालिसा अचानक पहुंची थाने

**नईदुनिया ब्यूरो, तिरुवनंतपुरम।** महाकुंभ के दौरान अपनी नीली-भूरी आंखों की वजह से सोशल मीडिया पर चर्चा में आईं मोनालिसा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वह अपने निजी जीवन को लेकर चर्चा में आई हैं। दरअसल, मोनालिसा हाल ही में केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के तम्पानूर पुलिस स्टेशन पहुंचीं और अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस से मदद मांगी। वह अपने प्रेमी फरमान के साथ थाने पहुंची थीं। दोनों पिछले करीब डेढ़ साल से एक-दूसरे के साथ रिश्ते में हैं और उनकी पहचान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के जरिए हुई थी। दोनों अलग-अलग धर्म से संबंध रखते हैं, जिसके कारण मोनालिसा के परिवार ने इस रिश्ते का विरोध जताया है।

# लोकसभा में हंगामें के बीच स्पीकर के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव खारिज



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** लोकसभा में बुधवार को उस समय जोरदार हंगामा देखने को मिला, जब विपक्ष द्वारा स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सदन में पेश किया गया। तीखी बहस और नारेबाजी के बीच इस प्रस्ताव पर वॉइस वोट कराया गया, जिसमें प्रस्ताव खारिज हो गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई और अगली बैठक गुरुवार सुबह 11 बजे के लिए तय की गई है।

### संसदीय इतिहास में कम ही हुए ऐसे प्रस्ताव

*अमित शाह ने बताया कि भारत के संसदीय इतिहास में लोकसभा स्पीकर को हटाने के लिए बहुत कम बार प्रस्ताव लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में संसद ने लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी है और इस तरह के प्रस्ताव उस परंपरा को कमजोर कर सकते हैं।*

### पक्षपात का आरोप

विपक्षी दलों का कहना था कि स्पीकर सदन में निष्पक्ष माहौल बनाए रखने में विफल रहे हैं। उनका आरोप था कि विपक्षी सांसदों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जाता और कई बार उन्हें बोलने से रोका जाता है। विपक्ष का दावा था कि संसद में असहमति के लिए जगह कम होती जा रही है, इसलिए यह प्रस्ताव लाना जरूरी हो गया। आरजेडी सांसद अभय कुमार सिन्हा ने बहस के दौरान कहा कि कई विपक्षी सदस्यों को लगता है कि उन्हें चेयर से अपेक्षित सुरक्षा नहीं मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सदन में ऐसा माहौल बन गया है, जहां विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है।

### शाह ने किया बचाव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रस्ताव का जवाब देते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला और इस कदम को संसदीय परंपराओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि स्पीकर सदन के निष्पक्ष संरक्षक होते हैं और उनका काम सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के हितों का संतुलन बनाए रखना होता है। शाह ने कहा कि भारतीय संसदीय इतिहास में लोकसभा स्पीकर को हटाने के लिए बहुत कम बार ऐसे प्रस्ताव लाए गए हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि भाजपा ने लंबे समय तक विपक्ष में रहने के बावजूद कभी स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया।

### 'सदन नियमों से चलेगा,...

अपने भाषण में शाह ने जोर देकर कहा कि संसद का संचालन स्थापित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार होना चाहिए, न कि किसी राजनीतिक दल की इच्छा के अनुसार। उन्होंने कहा कि स्पीकर की निष्पक्षता पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। शाह ने यह भी कहा कि स्पीकर को यह अधिकार है कि वे सदन की कार्यवाही को नियमों के दायरे में रखें और गैर-संसदीय टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटाएं। उनके मुताबिक संसद कोई ऐसा मंच नहीं है जहां बिना नियमों के कोई भी कुछ भी बोल सके।

### विपक्ष ने उठाए कई मुद्दे

विपक्षी सांसदों ने बहस के दौरान आरोप लगाया कि जब भी विपक्ष के सदस्य बोलने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें बार-बार रोका जाता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद विजय कुमार हंसदक ने कहा कि कई बार ऐसा लगता है कि विपक्ष की आवाज सुनने के बजाय उसे दबाने की कोशिश की जाती है। एनसीपी (एसपी) के सांसद बजरंग मनोहर सोनवणे ने कहा कि विपक्ष को पहले से पता था कि संख्या बल के कारण प्रस्ताव पास होना मुश्किल है, लेकिन उनका उद्देश्य संसद के भीतर लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को सामने लाना था।

# 'भारत अपने नागरिकों को मुश्किल में नहीं छोड़ता'

## वेस्ट एशिया संकट के बीच पीएम मोदी का भरोसा


**एर्नाकुलम (केरल), एजेंसी :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत सरकार खाड़ी देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संकट के समय भारत अपने लोगों को कभी अकेला नहीं छोड़ता। केरल के एर्नाकुलम में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात को लेकर भारत के लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि वहां लाखों भारतीय काम करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वहां मौजूद भारतीयों की सुरक्षा और मदद के लिए लगातार काम कर रही है।



पीएम मोदी ने कहा, आज वेस्ट एशिया में जो स्थिति बनी हुई है, उसे लेकर चिंता होना स्वाभाविक है। हमारे लाखों भाई-बहन वहां काम करते हैं। लेकिन आपको याद रखना चाहिए कि आज देश में बीजेपी-एनडीए की सरकार है। जब भी कोई भारतीय संकट में पड़ा है, हमने उसकी सुरक्षा के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई है। नया भारत अपने नागरिकों को मुश्किल में नहीं छोड़ता। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि खाड़ी देशों में भारतीय दूतावास और मिशन 24 घंटे लोगों की मदद कर रहे हैं।

# भारत आ रहे मालवाहक जहाज पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में हमला, बीस को बचाया, तीन क्रू मेंबर अब भी लापता

**तेहरान, एजेंसी।** मध्य-पूर्व में बढ़ते युद्ध के बीच एक बड़ा समुद्री हमला सामने आया है। होर्मुज स्ट्रेट में भारत आ रहा एक मालवाहक जहाज अचानक हमले का शिकार हो गया, जिससे जहाज में आग लग गई और क्रू को बचाने के लिए इमरजेंसी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना पड़ा। यह जहाज मयूरी नारी नाम का थाई झंडे वाला बल्क कैरियर था, जो यूएई के खलीफा पोर्ट के मुबार्रस टर्मिनल से रवाना होकर भारत के गुजरात के कांडला पोर्ट की ओर जा रहा था। रास्ते में संकरी खाड़ी शिपिंग लेन से गुजरते समय इस पर एक अज्ञात मिसाइल या ड्रोन से हमला हुआ। हमले के बाद जहाज के एक हिस्से में आग




लग गई। रॉयल थाई नेवी ने इस घटना की पुष्टि की और कुछ तस्वीरें भी जारी कीं, जिनमें जहाज से काला धुआं उठता दिखाई दे रहा है। तस्वीरों में समुद्र में लाइफ राफ्ट भी दिख रही हैं, जिनसे क्रू मेंबर जहाज छोड़कर बाहर निकलते नजर आए।

हमले के तुरंत बाद रॉयल नेवी ऑफ ओमान ने बचाव अभियान शुरू किया। जहाज छोड़कर लाइफबोट में निकले 20 क्रू मेंबर को सुरक्षित बचा लिया गया। उन्हें खसाब शहर लाया गया, जो ओमान के मुसंदम प्रायद्वीप में स्ट्रेट के मुहाने पर स्थित एक बंदरगाह है। अधिकारियों के अनुसार जहाज में लगी आग को बाद में काबू में कर लिया गया, लेकिन जहाज को कितना नुकसान हुआ है, इसकी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिलहाल तीन क्रू मेंबर अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

**लगातार बढ़ रही समुद्री घटनाएं**

इससे पहले यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन ने भी बताया था कि ओमान से करीब 11 समुद्री मील उत्तर में एक मालवाहक जहाज पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ।

## बुंदेलखंड के विकास और शिक्षा को लेकर मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाएं

# माता-पिता के नाम पर शिक्षा का मंदिर बनाना हमारी संस्कृति की पहचानः डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर प्रवास के दौरान बुंदेलखंड की वीर भूमि को नमन करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में विकास का कारवां कभी नहीं थमेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है और बुंदेलखंड के आर्थिक व शैक्षणिक विकास के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के ऐतिहासिक गौरव को याद करते हुए महाराज छत्रसाल और चंदेल राजाओं के योगदान का




उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड वीरों की धरती रही है और कठिन परिस्थितियों में भी इस क्षेत्र ने अपनी अलग पहचान बनाए रखी है।

**शिक्षा से पीढ़ियों का निर्माणः** मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के भविष्य को दिशा देती है। माता-पिता के नाम पर शिक्षा के मंदिर बनाना भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत और उनके परिवार द्वारा माता-पिता की स्मृति में स्थापित शैक्षणिक संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह पीढ़ियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

(शेष पेज 10 पर)

## ईओडब्ल्यू की रेड में मिली थी बेनामी संपत्ति

# माइनिंग कारोबारी दिलीप गुप्ता के घर आईटी का छापा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयकर विभाग (आईटी) ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए प्रमुख माइनिंग कारोबारी दिलीप गुप्ता के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है। बुधवार तड़के आयकर विभाग की कई टीमों ने एक साथ कारोबारी के विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी, जिससे पूरे शहर के व्यापारिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई सुबह करीब 6 बजे से शुरू हुई थी और अभी भी लगातार जारी है। आयकर विभाग की टीम सबसे पहले राजधानी के पॉश इलाके चूनाभट्टी स्थित पारिका सोसाइटी फेज-2 में पहुंची, जहां दिलीप गुप्ता का निजी निवास है। सुबह-सुबह हुई इस अचानक कार्रवाई से घर में मौजूद लोग भी सकते में आ गए। विभाग की टीम



दिलीप गुप्ता

घर के भीतर मौजूद कैश, कीमती ज्वैलरी और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की गहनता से जांच कर रही है। अधिकारियों द्वारा वित्तीय लेनदेन से जुड़े डिजिटल रिकॉर्ड और बैंक खातों के विवरण को भी खंगाला जा रहा है ताकि कर चोरी की सटीक जानकारी मिल सके। आयकर विभाग को लंबे समय से दिलीप गुप्ता के माइनिंग कारोबार में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं और अघोषित संपत्ति की शिकायतें मिल रही थीं। विभाग को इनपुट मिला था कि कारोबारी द्वारा टैक्स बचाने के लिए आय के वास्तविक आंकड़ों को छिपाया जा रहा है।

इसी इनपुट के आधार पर विभाग ने पूरी तैयारी के साथ एक साथ कई ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। फिलहाल जांच टीम दस्तावेजों और कंप्यूटर हार्ड डिस्क को अपने कब्जे में लेकर जांच को आगे बढ़ा रही है।

# गाजियाबाद के हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट ने दी इच्छा मृत्यु की अनुमति

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव युथनेसिया) की पहली बार स्वीकृति देते हुए 32 वर्षीय उस व्यक्ति की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की बुधवार को अनुमति दे दी जो 12 साल से अधिक समय से कोमा में है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि नाजुक स्थिति वाले किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने या जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति देना ताकि उसकी स्वाभाविक रूप से मौत हो सके। गाजिबाद निवासी हरीश राणा राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से घायल हो गया था और वह एक दशक से अधिक समय से कोमा में है। वह पंजाब विश्वविद्यालय का छात्र था। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और



न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार एक सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे।

### दुबई एयरपोर्ट के पास ईरानी ड्रोन से हमला, चार भारतीय घायल

**तेहरान।** ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध का आज 12वां दिन है। इजराइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर हमले लगातार जारी है। वहीं, ईरान की ओर से भी इजराइल और खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया जा रहा है। इजराइल लेबनान में ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह पर हमला कर रहा है, जबकि ये लड़ाके इजराइल में रॉकेट दाग रहा है। पूरे इलाके में हताहतों की संख्या बढ़ रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस युद्ध में अब तक 1300 लोगों के मारे जाने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों में लेबनान में 100000 से ज्यादा लोग बेघर हुए हैं। ईरान पर अमेरिका-इजराइल युद्ध शुरू होने के बाद से तेहरान में कम से कम 460 लोग मारे गए हैं और 4,309 घायल हुए हैं। लड़ाई शुरू होने के बाद से लेबनान में लगभग 7,60,000 लोग बेघर हुए हैं। ईरान सीजफायर को लेकर बातचीत से मना कर रहा है।

# एयर इंडिया विमान की फुकेट में हार्ड लैंडिंग

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** एयर इंडिया एक्सप्रेस के बोइंग 737 मैक्स विमान ने बुधवार को फुकेट हवाई अड्डे पर 'हार्ड लैंडिंग' की जिससे उसके आगे के दोनों पहिए अलग हो गए। विमान वीटी-बीडब्ल्यूक्यू की उड़ान आईएक्स938 हैदराबाद से फुकेट के लिए रवाना हुई थी। यात्रियों को विमान से उतारकर टर्मिनल भवन ले जाया गया और कोई घायल नहीं हुआ है। बोइंग 737-मैक्स 8 में सवार यात्रियों की संख्या का तुरंत पता नहीं लगाया जा सका।



अधिकारियों के अनुसार, रनवे पर विमान के फंसे होने के कारण हवाई अड्डे का संचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और विमान को खींचकर बे की ओर ले जाया गया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि फुकेट हवाई अड्डे पर विमान के आगे के पहिए में खराबी आ गई थी और चालक दल ने सभी मानक प्रोटोकॉल का पालन किया व यात्रियों को विमान से उतार लिया गया। डीजीसीए के अधिकारी ने बताया कि विमान ने फुकेट हवाई अड्डे के रनवे 9 पर संदिग्ध रुप से हार्ड लैंडिंग की, जिससे वह उछल गया। विमानन की भाषा में हार्ड लैंडिंग आमतौर पर अनजाने में हुई ऐसी लैंडिंग को कहा जाता है, जिसमें विमान अत्यधिक ऊर्ध्वाधर गति और जोर के साथ जमीन से टकराता है।

# दिल्ली के एलजी पद की तरणजीत सिंह ने ली शपथ

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी पंजाब के वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के नए उपराज्यपाल के रूप में तरणजीत सिंह संधू के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।

यह समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया, जहां संधू ने सार्वजनिक सेवा में अपनी नई जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों भी समारोह में उपस्थित रहे। समारोह में पंजाब से भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें भाजपा पंजाब के अध्यक्ष सुनील जाखड़,



भाजपा पंजाब के उपाध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, वरिष्ठ भाजपा नेता तजिंदर सिंह सरन तथा खरड़ विधानसभा के भाजपा हल्का इंचार्ज रणजीत सिंह गिल शामिल थे।

**स्पेशल खबर** गैस एजेंसी के बाहर लंबी-लंबी लाइनें, नहीं हो रही बुकिंग, होटलों में खाना महंगा...

# एलपीजी की किल्लत से देशभर में हाहाकार!

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग का असर भारत में भी दिखने लगा है। युद्ध के चलते तेल-गैस आयात में रुकावट आ गई है। जिसके बाद देशभर से गैस सिलेंडर की किल्लत होने की खबरें आ रही हैं। नोएडा में सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई हैं। दिल्ली-मुंबई जैसे शहरों के होटलों में हड़कंप मचा हुआ है। गैस की कमी के कारण कई होटल-रेस्तरां पर ताले लटक गए हैं, वहीं कई होटलों में खाना



महंगा हो गया है। आज यानी बुधवार को एलपीजी की कमी की खबरों के बीच नोएडा के सेक्टर 63 में एक गैस एजेंसी के बाहर लंबी लाइन देखी गई। इस दौरान लोगों ने बुकिंग न होने, गैस सिलेंडर न मिलने की शिकायत की। एक स्थानीय ने कहा, बहुत सारी दिक्कतें हैं। हमें गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। हम सिलेंडर की बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं। कोई भी गैस एजेंसी पर फोन नहीं उठा रहा है। मैं किराए पर रहता हूं, खाना कैसे बनाऊंगा। गैस सिलेंडर के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं। लेकिन ईरान में जंग चल रही है सरकार क्या कर सकती है? एलपीजी की भारी किल्लत के कारण रेहड़ी-पटरी वालों का कारोबार भी संकट में है। हालात इतने खराब हैं कि कई दुकानदारों को सिलेंडर न मिलने की वजह से शटर गिराने पड़े हैं। वहीं कल तक 7 रुपये की मिलने वाली कटिंग चाय अब 10 रुपये की हो गई है। 10 वाली फुल कप चाय अब 15 में और 15 वाली चाय 20 रुपये में बिक रही है। नोएडा के सेक्टर-44 में दुकानदारों ने 20 रुपये में मिलने वाले 8 गोलगप्पों की संख्या घटाकर अब महज 5 कर दी है। पूरी-सब्जी की प्लेट अब 25 के बजाय 30 रुपये में मिल रही है। बड़े होटलों और ढाबों ने अपने मेन्यू से महंगी डिशेज जैसे मटर पनीर, हटा दी हैं या थाली की कीमतों में भारी इजाफा कर दिया है।

### आज हम दो हमारे पौने दो : प्रवीण तोगड़िया

**दरभंगा।** लहेरियासराय स्थित पचाढी स्थान छावनी परिसर में मंगलवार देर रात अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल दरभंगा परिवार की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदुओं के तीन बच्चे होने चाहिए। तीन बच्चे हिंदू सच्चे, बाकी हिंदू कच्चे- प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हिंदू समाज को मजबूत बनाने के लिए जनसंख्या संतुलन जरूरी है।